# बाजरा किसानों को करेंगे प्रोत्साहित

- बाजरे में पोषण और औषधीय गुण दोनों शामिल
- संकर प्रजातियों से बढ़ेगा उत्पादन और आमदनी
- सरकार दे रही बीज अनुदान और समर्थन मूल्य : योगी

**लखनऊ, 19 जुलाई.उत्तर प्रदेश सरकार पौष्टिकता से भरपूर अन्न की प्रमुख फसल बाजरा के उत्पादन को लेकर किसानो का लगातार उत्साहवर्धन कर रही है.उत्तर प्रदेश में धान, गेहूं एवं मक्का के पश्चात लगभग 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बाजरा की खेती की जाती है.**

बाजरा के दानो में भरपूर पौष्टिकता होती है. विशेष रूप से फाइबर, प्रोटीन, विटामिन बीकॉम्पलेक्स, कैल्शियम, फास्फोरस एवं मैगनीज तत्वों के साथ एन्टीआक्सीडेंट भी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करती है. इससे बाजार में इसकी मांग है. बाजरा के प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ में औषधीय गुण भी पाये जाते हैं. बाजरा के उत्पाद मधुमेह के नियंत्रण, हृदय के स्वास्थ्य सुधार हेतु उपयुक्त, ग्लुटेन मात्रा कम पाये जाने के कारण पेट के रोगों से राहत दिलाने में सहयोग के साथ ही वर्तमान समय में मोटापा कम करने और वजन सुधार में भी लाभदायक है.

इसके अतिरिक्त वैज्ञानिक शोध एवं तकनीकी विकास के कारण बाजरे के दानों से कई प्रकार की औषधियों का भी निर्माण किया जा रहा है. कृषि विशेषज्ञों के अनुसार बाजरा की खेती अपेक्षाकृत कम वर्षा में भी की जा सकती है. वर्तमान में लगभग प्रदेश के 29 जिलों में औसत से कम वर्षा पायी गयी है. जहां कम वर्षा के कारण धान की खेती नहीं की जा सकती, किसानों के लिए उन क्षेत्रों में बाजरा की फसल लेना लाभदायक सिद्ध होगा.

### पांच लाख से अधिक समस्याओं का निस्तारण



उत्तर प्रदेश के ग्राम विकास विभाग ने दावा किया कि पिछले ढाई साल के दौरान ग्राम चौपालों के आयोजन के जरिये पांच लाख से अधिक समस्याओं का निस्तारण किया गया है. आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जी एस प्रियदर्शी ने शनिवार को बताया कि पिछले ढाई साल से ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है. एक लाख 48 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है. जिनमें 96 लाख से अधिक ग्रामवासी मौजूद रहे और पांच लाख से अधिक समस्याओं/प्रकरणों का निस्तारण किया गया.



## हिन्दी सलाहकार समिति के सदस्य बने सांसद रवि किशन

**गोरखपुर.** गोरखपुर के सांसद एवं अभिनेता रवि किशन शुक्ला को केन्द्र सरकार ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति में सदस्य नियुक्त किया है. समिति का उद्देश्य मंत्रालय में हिन्दी भाषा के प्रयोग और संवर्धन को बढ़ावा देना है. सांसद शुक्ला से अपेक्षा की गई है कि वे इस समिति के कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लें.

# भारत की अमूल्य धरोहर है गिर : शिवराज

**गिर की सफारी है अद्भुत, मोरों का नृत्य बना आकर्षण**



**जूनागढ़, 19 जुलाई.केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि सभी को जीवन में एक बार अवसर निकालकर भारत की अमूल्य धरोहर गुजरात के गिर देखने अवश्य आना चाहिए.चौहान ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखा कि उन्होंने गिर राष्ट्रीय उद्यान में जंगल सफारी का आनन्द लिया. सासन में हमने प्रकृति का शासन देखा.**

गिर का प्राकृतिक सौंदर्य अद्भुत है और विशेषकर यहां की सफारी की जो पूरी अवधारणा और योजना है, वह बिल्कुल अद्भुत है. गिर की सफारी के अलग-अलग रंग हैं. यहां आसानी से जंगल के राजा बब्बर शेर के दर्शन हो जाते हैं. मोर के नृत्य मन मोह लेते हैं और पक्षियों का कलरव अद्भुत है. यहां की व्यवस्थायें अत्यंत उत्तम हैं. उन्होंने कहा,मैं तो सबसे ही कहना चाहूंगा कि एक बार गिर जरूर आयें.

### सफारी के दौरान प्रकृति के अनगिनत रंग देखने को मिले

केंद्रीय मंत्री ने लिखा, आज गुजरात के गौरव, गिर के अद्भुत जंगल में प्रकृति के अलौकिक सौंदर्य को बहुत करीब से अनुभव करने का अवसर प्राप्त हुआ. सफारी के दौरान प्रकृति के अनगिनत रंग देखने को मिले. यहां की जैव विविधता, पेड़ों की प्रजातियां, शेर का राजसी अंदाज, पेड़ों पर तेंदुओं का चढ़ना- बैठना, सब कुछ अभूतपूर्व था. पक्षियों का मधुर कलरव, घोंसला बनाती चिड़िया और उत्साह से नाचते मोर को देखकर मन झूम उठा.

# अकाली दल के नेता घर में नज़रबंद

## बिना कारण बताए झिंजर के घर में पुलिस घुसी

**चंडीगढ़ 19 जुलाई.पंजाब पुलिस ने शनिवार तड़के युवा अकाली दल के अध्यक्ष सरबजीत सिंह झिंजर को उनके परिवार सहित घर में नज़रबंद कर दिया.**



झिंजर के एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि, आज सुबह चार बजे से ही पंजाब पुलिस के 8-10 जवान बिना कोई कारण बताए सरबजीत सिंह झिंजर जी के घर में घुस आए जबकि अन्य पुलिस अधिकारियों ने परिसर को घेर लिया है. पूरे परिवार के फ़ोन ज़ब्त कर लिए गए हैं और उन्हें नज़रबंद कर दिया गया है - फिर भी कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है. भगवंत मान सरकार असहमति की आवाज़ दबाने की कोशिश कर रही है, लेकिन हमारे युवा अकाली दल के अध्यक्ष इन हथकंडों से नहीं डरेंगे. टीम सरबजीत सिंह झिंजर. उल्लेखनीय है कि पंजाब विधानसभा में जालंधर के कांग्रेस विधायक परगट सिंह द्वारा यह चौंकाने वाला स्वीकारोक्ति कि कांग्रेस ने बेअदबी मामले में जानबूझकर न्याय में देरी की.

# मोदी, शाह ने मंगल पांडे को दी श्रद्धांजलि

**ब्रिटिश शासन को चुनौती देने वाले योद्धाओं में से एक थे**

**अपने पराक्रम से अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी थी**

**नयी दिल्ली 19 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे की जयंती पर उन्हें याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन को चुनौती देने वाले अग्रणी योद्धाओं में से एक बताया.**



मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, महान स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे को उनकी जयंती पर सादर श्रद्धांजलि. वे ब्रिटिश शासन को चुनौती देने वाले अग्रणी योद्धाओं में से एक थे. उनका साहस और पराक्रम भारतीयों की पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा.शाह ने महान स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे की जयंती पर पोस्ट ने लिखा, 1857 के संग्राम के नायक, अद्वितीय योद्धा व राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा मंगल पांडे जी को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन.

उन्होंने कहा कि मंगल पांडे ने अपने साहस और पराक्रम से अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी थी. उनके नेतृत्व में बैरकपुर छावनी आजादी की क्रांति का केंद्र बन गई और इससे देशभर में स्वतंत्रता की लहर फैल गई.रिजिजू ने भी मंगल पांडे को नमन करते हुए कहा, 1857 की क्रांति के अग्रदूत, मां भारती के वीर सपूत और अमर शहीद मंगल पांडे की जयंती पर शत्-शत् नमन.

## एक ही परिवार ने पांच लोगों ने खाया जहर, चार की मौत

**राजगीर, 19 जुलाई.** बिहार में नालंदा जिले के पावापुरी थाना क्षेत्र में एक ही परिवार के पांच लोगों ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसमें चार लोगों की मौत हो गयी तथ एक की स्थिति गंभीर बनी हुयी है. पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि शुक्रवार की रात जिले के पावापुरी थाना क्षेत्र के जल मंदिर के समीप किराए के मकान में रह रहे एक ही परिवार के पांच लोगों ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया. सभी को गंभीर हालत में भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया.

# टीआरएफ को आतंकवादी संगठन घोषित करना देश की रणनीतिक जीत

**अमृतसर.** पंजाब भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता प्रो. सरचांद सिंह ख्याला ने लश्कर-ए-तैयबा की छिपी शाखा और पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' को वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित करने के अमेरिकी फैसले का स्वागत किया है.

प्रो ख्याला ने कहा कि यह घोषणा वैश्विक स्तर पर भारत के सुरक्षा दृष्टिकोण तथा सीमा पार आतंकवाद को लेकर देश की दृढ़ इच्छाशक्ति की अंतरराष्ट्रीय तौर पर की गयी पुष्टि है.

उन्होंने शनिवार को कहा कि यह सफलता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में केंद्रीय




गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की दूरदर्शी नीति का परिणाम है.

उन्होंने कहा कि भारत के शीर्ष नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान और आतंकवादी गठजोड़ को लगातार बेनकाब किया है.

# छात्रा की आत्महत्या से हड़कंप

**ग्रेटर नोएडा, 19 जुलाई. ग्रेटर नोएडा के शारदा विश्व विद्यालय में एक दुखद घटना सामने आई, जहां बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी द्वितीय वर्ष की एक छात्रा ने महिला छात्रावास में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली.**



**शारदा यूनिवर्सिटी में छात्रा ने हॉस्टल में दी जान**

**सुसाइड नोट में लगाए उत्पीड़न के आरोप**

पुलिस के अनुसार, छात्रा ने अपने सुसाइड नोट में दो संकाय सदस्यों द्वारा अपमानित करने और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है.घटना के तुरंत बाद गौतम बुद्ध नगर के नॉलेज पार्क थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है. पुलिस ने बताया कि छात्रा की आत्महत्या के विरोध में परिसर में प्रदर्शन भड़क उठे, जिसके बाद विश्वविद्यालय के दो कर्मचारियों महिंदर और शायरी को गिरफ्तार कर लिया गया है.शारदा विश्वविद्यालय ने एक बयान जारी कर कहा है कि घटना के कारणों का पता लगाने और आगे के संस्थागत उपायों की सिफारिश करने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है.

जनसंपर्क निदेशक ने कहा, विश्वविद्यालय अपनी प्रक्रियाओं का संचालन करने वाले वैधानिक अधिकारियों के साथ पूर्ण सहयोग कर रहा है. ग्रेटर नोएडा के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुधीर कुमार ने बताया कि विश्व विद्यालय के प्रबंधन से जुड़े दो कर्मचारियों को छात्रा के परिजनों की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है.जैसे ही छात्रा के परिवार के सदस्यों को जानकारी मिली, वे तुरंत छात्रावास पहुंचे.

## इजरायल और सीरिया युद्धविराम पर सहमत

**यरूशलम.** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शारा ने युद्धविराम पर सहमति जतायी है. अमेरिकी राजदूत टॉम बैरक ने यह जानकारी दी. बैरक तुर्की में अमेरिकी राजदूत और सीरिया के लिए विशेष दूत भी है. अमेरिकी दूत ने सभी पक्षों से हथियार डालने और शांति की दिशा में काम करने का आग्रह किया है. अमेरिकी राजदूत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा, इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू और सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शारा ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के समर्थन से एक ऐसे युद्धविराम पर सहमति जतायी है जिसे तुर्की, जॉर्डन और उसके पड़ोसी देशों ने भी स्वीकार किया है.

# बघेल को अडानी के विरोध की सजा : प्रियंका

**विधानसभा में मुद्दा उठाने से पहले कार्रवाई**

**ईडी छापे को बताया भाजपा की साजिश**

**नयी दिल्ली, 19 जुलाई. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी सरकार छत्तीसगढ़ के जंगल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नजदीकी उद्योगपति गौतम अडानी को सौंप रही है और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इसका जमकर विरोध कर रहे हैं इसलिए उनके परिवार को इसकी सजा दी जा रही है.**



श्रीमती वाड्रा ने आज यहां कहा कि बघेल इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने वाले थे लेकिन उससे पहले ही उनकी आवाज दबाने की कोशिश करते हुए उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है.

उनका कहना था कि भाजपा इस तरह के हथकंडे अपनाती रहती है लेकिन कांग्रेस के लोग इससे डरने वाले नहीं है और वे इसका विरोध करते रहेंगे. उन्होंने कहा,भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ के सारे जंगल अडानी जी को समर्पित कर दिए हैं. पेसा कानून और एनजीटी के निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए जंगलों को तबाह किया जा रहा है. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी विधानसभा में यह मुद्दा उठाने वाले थे. उन्हें रोकने के लिए सुबह-सुबह प्रवर्तन निदेशालय ने उनके घर पर छापा मारा और उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया.कांग्रेस महासचिव ने कहा,पिछले11 वर्षों में देश अच्छी तरह समझ चुका है कि ये जनता की आवाज को कुचलने और विपक्ष को दबाने के तरीके हैं. लेकिन ऐसे हथकंडों से सच को दबाना और विपक्ष को डराना नामुमकिन है. कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता बघेल जी के साथ मजबूती से खड़ा है.

## ओडिशा में बदमाशों ने नाबालिग लड़की को किया आग के हवाले

**भुवनेश्वर,19 जुलाई.** ओडिशा के पुरी जिले में शनिवार को मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आयी जिसमें बदमाशों ने एक नाबालिग लड़की को आग के हवाले कर दिया. बच्ची को गंभीर हालत में एम्स भुवनेश्वर में भर्ती किया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात बदमाशों ने आज सुबह पुरी जिले के नीमापारा तहसील के बयाबार इलाके में एक नाबालिग लड़की (15) पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़कर कथित तौर पर आग लगा दी. लड़की 60 प्रतिशत तक जल गयी. उसको स्थानीय ग्रामीणों ने पहले पिपिली अस्पताल पहुँचाया और बाद में बेहतर उपचार के लिए एम्स भुवनेश्वर भेज दिया.

# यूपीएससी सीआईएसएफ एसी परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित

**नयी दिल्ली,19 जुलाई. संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) सहायक कमांडेंट लिमिटेड विभागीय प्रतियोगी परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित कर दिया है.**

इस परीक्षा में सम्मिलित हुए अभ्यर्थी अब आयोग की आधिकारिक वेबसाइट (upsc.gov.in) पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं. इस परीक्षा में कुल 121 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है. यह परीक्षा 27 अप्रैल 2025 को आयोजित की गई थी. आयोग द्वारा जारी सूची में सफल उम्मीदवारों के नाम और उनके अनुक्रमांक (रोल नंबर) शामिल हैं.

### परीक्षा में टॉप 5 सफल अभ्यर्थी :

1. सुनील कुमार
2. सुनील कुमार चौधरी
3. विक्रम सिंह
4. प्रिंस भल्ला
5. मनीष देशमुख

यह परिणाम उन उम्मीदवारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जो सीआईएसएफ में वरिष्ठ पदों पर पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे थे. अब इन चयनित अभ्यर्थियों को आगे की चयन प्रक्रिया, जैसे शारीरिक दक्षता परीक्षा और व्यक्तित्व परीक्षण, के लिए बुलाया जाएगा.

### आज का इतिहास

| | |
|---|---|
| 1885 | फुटबॉल खेलना ब्रिटेन में वैध किया गया. |
| 1903 | फोर्ड मोटर कंपनी ने अपनी पहली कार बाजार में उतारी. |
| 1920 | रामकृष्ण परमहंस की जीवन संगिनी शारदा देवी का निधन. |
| 1924 | खेल अख़बार सोवेत्स्की स्पोर्ट की स्थापना की गई. |
| 1956 | फ्रांस ने ट्यूनीशिया को स्वतंत्र देश घोषित किया. |
| 1966 | भारत की पहली महिला न्यायाधीश अन्ना चांडी का निधन. |
| 1969 | अमेरिकी खगोलशास्त्री नील आर्मस्ट्रांग चांद पर पहुंचने वाले पहले व्यक्ति बने. |
| 1997 | तिस्ता नदी के जल बंटवारे पर भारत-बांग्लादेश में समझौता. |
| 2002 | उत्तर एवं दक्षिण कोरिया ने आपस में वायुयान सेवा की शुरुआत की. |

# आप ने इंडिया गठबंधन से नाता तोड़ा

- अरविंद केजरीवाल बोले- गठबंधन बच्चों का खेल नहीं
- संजय सिंह ने गठबंधन से अलगाव की पुष्टि की

**नई दिल्ली, 19 जुलाई 2025 विपक्षी मोर्चे को एक बड़ा झटका लगा है. आम आदमी पार्टी ने इंडिया गठबंधन से अपनी दूरी बनाते हुए स्पष्ट किया है कि अब वह इस विपक्षी गठजोड़ का हिस्सा नहीं है.**

इस बीच, कांग्रेस नेता उदित राज ने अरविंद केजरीवाल और उनकी आप पर एक बार फिर बड़ा हमला बोला है, उन्होंने आरोप लगाया कि इस दल का जन्म भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कारण हुआ था.

यह घटनाक्रम संसद के आगामी मानसून सत्र से ठीक पहले विपक्षी दलों की महत्वपूर्ण डिजिटल बैठक से ठीक एक दिन पहले सामने आया है. आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने साफ किया कि उनकी पार्टी अब इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं है. उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी ने अपना रुख साफ कर दिया है. इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव (2024) के लिए था. सिंह ने बताया कि उनकी पार्टी ने दिल्ली और हरियाणा विधानसभा चुनाव अपने बूते लड़े, और अब बिहार विधानसभा चुनाव भी अकेले लड़ने जा रही है.



अरविंद केजरीवाल नीत पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन करके दिल्ली और हरियाणा में 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ा था. कांग्रेस की आलोचना करते हुए, उन्होंने विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने में उसकी भूमिका पर सवाल उठाया. उन्होंने सवाल किया, यह बच्चों का खेल नहीं है। क्या लोकसभा चुनाव (2024) के बाद उन्होंने कोई बैठक की? क्या 'इंडिया' गठबंधन के विस्तार की कोई पहल हुई? कभी वे अखिलेश यादव की आलोचना करते हैं, कभी उद्धव ठाकरे की, तो कभी ममता बनर्जी की. 'इंडिया' को एकजुट रहना चाहिए था. कांग्रेस इस गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी है.

### एक नजर में




## पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में विस्फोट, तीन की मौत

**लॉस एंजिल्स.** दक्षिणी कैलिफोर्निया में एक पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में शुक्रवार को हुए विस्फोट में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई.लॉस एंजिल्स काउंटी शेरिफ विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर विस्फोट को गंभीर कार्यस्थल घटना बताया जो पूर्वी लॉस एंजिल्स में बिस्कैलुज सेंटर अकादमी प्रशिक्षण में स्थानीय समयानुसार लगभग सुबह 7-30 बजे (1430 जीएमटी) हुआ. विभाग ने कहा कि इस विस्फोट में उनके तीन सदस्यों की मौत हो गई. उन्होंने कहा कि जासूस घटनास्थल की जांच कर रहे हैं.स्थानीय केएबीसी टीवी ने सूत्रों से प्राप्त प्रारंभिक जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि धमाका उस समय हुआ जब पीड़ित विस्फोटकों के साथ कुछ काम कर रहे थे.

## मिश्रा को राष्ट्रपति पदक से किया जाएगा सम्मानित

**बैकुंठपुर.** छत्तीसगढ़ के कोरिया नगर सेना में नायक के पद पर कार्यरत महेश मिश्रा को 15 अगस्त 2025 को रायपुर में राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जाएगा.स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उन्हें यह पदक देकर सम्मानित करेंगे. आउट ऑफ टर्न प्रमोशन का भी लाभ मिलेगा.

## चंद्रभागा नदी में तीन महिलाओं की डूबने से मौत

**पंढरपुर.** महाराष्ट्र में जालना जिले की तीन महिलाओं की पंढरपुर में चंद्रभागा नदी में डूबने से मौत हो गयी है.सोलापुर ग्रामीण पुलिस ने शनिवार को बताया कि तीनों महिलाएं भोकरदन तालुका के धावड़ा गाँव की निवासी हैं और भगवान विट्ठल और देवी रुक्मिणी के दर्शन के लिए पंढरपुर आई थीं.पुलिस रिपोर्ट के अनुसार दो पीड़ितों की पहचान संगीताबाई संजू सपकाल और सुनीताबाई महादु सपकाल के रूप में हुई है. ये दोनों शुक्रवार शाम पुंडलिक मंदिर के पास नदी में स्नान के लिए उतरी थीं. वे पानी की गहराई और बहाव को सही आकलन नहीं कर पाईं और डूब गईं. तीसरी पीड़िता की पहचान अभी नहीं हो पाई है.

## चीन में तूफान 'विफा' के लिए येलो अलर्ट

**बीजिंग.** चीन के राष्ट्रीय वेधशाला ने शनिवार को देश के छठवें तूफान 'विफा' के लिए पीला अलर्ट जारी किया और इससे देश के दक्षिणी तटीय क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की आशंका है. राष्ट्रीय मौसम केंद्र के अनुसार आज सुबह पांच बजे तूफान 19.9 डिग्री उत्तर अक्षांश और 120.2 डिग्री पूर्व देशांतर पर स्थित था, जो 15-20 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है.

**खतरा** कनाडा से फ्रांस तक धधक रहे हैं जंगल

# गर्मी और सूखे से बढ़ा दुनिया में आग का खतरा

**वाशिंगटन, 19 जुलाई.दुनिया के विभिन्न हिस्सों में जंगल की आग का खतरा बढ़ता जा रहा है. कनाडा, फ्रांस और स्पेन जैसे देश भीषण अग्निकांडों से जूझ रहे हैं, जिससे हजारों हेक्टेयर वन क्षेत्र जलकर खाक हो गया है और लाखों डॉलर का नुकसान हुआ है. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बड़े पैमाने पर बचाव और राहत अभियान चलाए जा रहे हैं.**



कनाडा में जंगल की आग का खतरा लगातार बढ़ रहा है, और अगस्त तक पश्चिमी कनाडा के अधिकांश हिस्सों में यह गतिविधि औसत से काफी ऊपर रहने की उम्मीद है. कनाडा के ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधन मंत्री टिम हॉजसन ने बताया कि दक्षिणी ब्रिटिश कोलंबिया में आग का खतरा सबसे अधिक है. मौसम के पूर्वानुमानों के अनुसार, जुलाई से अगस्त तक कनाडा के अधिकांश हिस्सों में औसत से ऊपर तापमान रहने की संभावना है, जिससे शुष्क परिस्थितियाँ और तेज होंगी, खासकर पश्चिम और उत्तर में.प्राकृतिक संसाधन कनाडा के मॉडलिंग से पता चलता है कि युकोन से लेकर उत्तर-पश्चिमी ओन्टारियो तक, साथ ही नोवा स्कोटिया और पूर्वी न्यू ब्रंसविक में जंगल की आग का खतरा बढ़ गया है. हॉजसन ने बताया कि इस साल जुलाई तक देश भर में 3,000 से अधिक जंगल की आग की घटनाएँ हुई हैं, जिससे लगभग 5.5 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र जल गया है. कनाडा इस गर्मी में सूखे और गर्म मौसम के कारण बढ़ते जंगल की आग के खतरे का सामना कर रहा है.

फ्रांस के मार्सेले से लगभग 40 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में मार्तिग्स के पास लगी आग पर काबू पाने के लिए लगभग 1,000 दमकलकर्मी और हेलीकॉप्टर लगातार जूझते रहे. यह 240 हेक्टेयर में फैली आग एक सप्ताह बाद लगी है, जब एक अन्य भीषण आग मार्सेले के उत्तर-पश्चिमी बाहरी इलाकों तक पहुँच गई थी, जिससे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा और हवाई अड्डे को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा था. बचाव अभियान के कर्नल पियरे बेपोइक्स ने बताया कि 150 लोगों को सुरक्षित निकाला गया.

## गैंगस्टर हत्याकांड में पांच गिरफ्तार

**कोलकाता.** बिहार में पटना के एक अस्पताल में गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या में शामिल पांच संदिग्ध हमलावरों को शनिवार तड़के कोलकाता के न्यू टाउन स्थित एक आलीशान आवासीय परिसर से गिरफ्तार किया गया. आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी. पटना पुलिस और बिहार के विशेष कार्य बल की टीमों ने पश्चिम बंगाल एसटीएफ के साथ मिलकर कल पुरुलिया और न्यू टाउन इलाके में गहन तलाशी अभियान चलाया. संदिग्धों को आज सुबह न्यू टाउन के आईटी हब, साल्ट लेक स्थित एक बड़े आवासीय परिसर, शुखोबृष्टि अबासन से गिरफ्तार किया गया.